1

Q. न्यू साउथ वेल्स का भौगोलिक वृतांत प्रस्तुत कीजिए

Ans!- न्यू साउथ वेल्स दक्षिण पूर्व आस्ट्रेलिया का एक राज्य है जिसकी स्थापना अंग्रेजों द्वारा ~~1786~~ 1788 ई० में की गई थी यह अंग्रेजों द्वारा स्थापित आस्ट्रेलिया का सबसे पहला राज्य है।

क्षेत्रफल एवं विस्तार!- न्यू साउथ वेल्स का विस्तार 28° से 38° दक्षिणी अक्षांश एवं 141° से 154° पूर्वी देशांतर के मध्य है इसका क्षेत्रफल (आस्ट्रेलिया की राजधानी को छोड़कर) 801400 वर्ग कि०मी है। न्यू साउथ वेल्स की सीमा जो प्रशांत तट से जुड़ी है। इसकी लम्बाई 1287 कि०मी है। जो उत्तर में क्वींस के दक्षिण में ओतवेप तक विस्तृत है।

प्राकृतिक दशा!- उच्चावचन एवं संरचना की दृष्टि से न्यू साउथ वेल्स को तीन भागो में बाँटा गया है।

(i) पूर्वी समुद्र तटीय मैदान!- यह उत्तर से दक्षिण की ओर प्रशांत महासागर तक विस्तृत है। जिसकी चौड़ाई 50 से 150 कि०मी है। ट्वेड, बाइरन, गुलवर्ज, सील, इस भाग की प्रमुख नदियाँ है। जो ग्रेट डिवाइडिंग रेंज से निकलती है और प्रशांत महासागर में गिरती है।

(ii) मध्यवर्ती पर्वतीय एवं पठारी भाग!- ग्रेट डिवाइडिंग रेंज पर्वत श्रृंखला पूर्वी तटीय प्रदेश के समानांतर उत्तर से दक्षिण की ओर फैला है। इस भाग में पठार एवं पर्वतों की उचाई 1000 से 1500 मी० के मध्य है। इस भाग के पर्वतों में माउंट कोसियस्को 2230 मी० ऊची है।

(iii) मरे-डार्लिंग बेसिन!- यह एक नदी बेसिन है। जो पशुचारण के लिए प्रसिद्ध है। क्योकि यहाँ वर्षा के कमी के कारण घास उत्पन्न होता है। इस मैदानी भाग में डार्लिंग एवं बारवन नदी बहती है तथा दक्षिण मे मरे की सहायक नदी मरम्बिजी नदी बहती है। जो इस क्षेत्र के सिंचाई के मुख्य साधन है लाचलन, मोलामीन, मरे-डार्लिंग यहाँ की मुख्य नदी है।

जलवायु :→ इस प्रदेश में गर्मी का तापमान 28° से 30°C तथा शीत ऋतु में आंतरिक भागो का तापमान 16°C से 14°C तक

Scanned by TapScanner

रहता है। यहाँ अधिकतम वर्षा 40 से 150 cm तक होती है
यहाँ वर्षा अप्रैल से अक्टूबर माह में होती है।

चूँकी यह राज्य दक्षिणी पूर्वी आस्ट्रेलिया में पड़ता है इसलिए दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक हवाओं के चक्रवातों द्वारा होती है। और यहाँ पर चीनतुल्य जलवायु पायी जाती है

प्राकृतिक वनस्पति :- न्यू साउथ वेल्स में उष्ण कटिबंधीय वन एवं शीतोष्ण कटिबंधीय वन तथा यूकलीप्टस के वन पाये जाते हैं तथा पूर्वी भाग में घास मिलते हैं।

कृषि :- न्यू साउथ वेल्स के उत्तरी तथा मध्यवर्ती भाग में सर्वाधिक कृषि होते है। तथा पश्चिम भाग में वर्षा के अभाव के कारण कृषि की जगह पशुपालन किया जाता है। यहाँ के मुख्य कृषि क्षेत्र निम्नलिखित है।

(i) न्यु साउथ वेल्स का तटीय भाग :- यहाँ की मुख्य फसले गन्ना, केला, अन्नानस, मकई, एवं जई है।

(ii) न्यू साउथ वेल्स का मध्य एवं दक्षिण तटिय क्षेत्र में मकई तथा जई होती है।

(iii) न्यू साउथ वेल्स के दक्षिणी पठारी भाग :- इस प्रदेश की मुख्य फसले गेहूँ, धान, मकई, तथा जई है।

(iv) न्यू साउथ वेल्स का मध्यवर्ती पठारी एवं पश्चिमी ढाल :- यहाँ की मुख्य फसले जई और धान है।

(v) मध्य न्यू साउथ वेल्स के पूर्वी भाग :- इस क्षेत्र की मुख्य फसल गेहूँ है। तथा पशुचारण होता है।

न्यू साउथ वेल्स में कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल लगभग 40.4 लाख एकड़ है तथा सबसे अधिक कृषि दक्षिणी न्यू साउथ वेल्स के मध्यवर्ती भागों में होती है

इस प्रकार हम पाते है कि यहाँ की मुख्य फसले गेहूँ, मक्का, गन्ना, जौ, जई, आलू, टमाटर, मटर, गाजर तथा अन्य विशिष्ट फसलें है। इसके ~~अतिरिक्त~~ साथ-साथ पशुपालन भी किया जाता है। जिसमें दुध उत्पादन के लिए गायें तथा ऊन के लिए भेड़ पाली जाती है इस प्रदेश में आस्ट्रेलिया का 24 % भेड़ पाली जाती है।

Scanned by TapScanner

सिन्चाई :- मरे मरमिवली नदी, लचलान एवं इसकी सहायक नदियों पर बाँध का निर्माण करके सिंचाई के लिए नहरे बनायी गई है। इस राज्य की प्रमुख सिंचाई योजना मरमिवली है।

पशुपालन :→ आस्ट्रेलिया के अन्य राज्यों के अपेक्षा न्यू साउथ वेल्स में पशुपालन अधिक होता है। इसका मुख्य कारण चारे की उपलब्धता, अनुकूल जलवायु, बाजार की सुविधा, निर्यात कि सुविधाएँ आदि है। न्यू साउथ वेल्स में दुग्ध, मांस तथा ऊन के लिए पशु पाले जाते है यहाँ पाले जाने वाले भेड़ो में लिंकन, मोरिनो, तथा लिसेस्टर मुख्य है

खनिज :→ इस प्रदेश की मुख्य खनिज हीरा, सोना, चाँदी, ताँबा, शीशा, जस्ता, एंटीमनी, रांगा, कोबाल्ट, प्लैटिनियम, कोयला, गन्धक, इत्यादी अतः हम पाते है कि बहुमूल्य खनिजों के भंडार है। न्यू साउथ वेल्स में के ग्रेट डिवाईडींग रेंज से सोना, हंटर घाटी में न्यू कैसिल, लिथगो तथा वुली से कोयला, कोबार मे ताँबा, जस्ता, सोना एवं चाँदी प्राप्त होता है।

शक्ति के साधन :- शक्ति के साधनों में कोयला वुली क्षेत्र, सिडनी वुली, न्यू कैसिल आदि स्थानों में पाया जाता है इसके अलावा यहाँ जल विधुत, बालरा बैग, तालरा आदि स्थानो पर उत्पन्न किया जाता है।

उद्योग :- न्यू साउथ वेल्स के न्यू कैसिल एवं पोर्ट केम्बला में लोहा उद्योग, सिडनी में इन्जिनियरिंग उद्योग। न्यू कैसिल एव केम्बला में रसायन उद्योग लिवरपुल, बिस्बर, बैकचन एव मरैलैण्ड में वस्त्र उद्योग विकसित है।

यातायात :→ इस प्रदेश में सड़क मार्ग (2.5 लाख km) रेलमार्ग (10 लाख km) लम्बी है वायु एवं समुद्रि यातायात भी विकसीत है। अंतराष्ट्रीय वायुमार्ग का सिडनी प्रमुख केन्द्र है

जनसंख्या :- न्यू साउथ वेल्स की जनसंख्या 1981 में 56 लाख थी जो 1991 में बढ़कर 69 लाख हो गयी। यहाँ की कुल जनसंख्या का 75% गाँव में तथा 25% शहरो मे रहती है।

नगर :→ इस प्रदेश की प्रमुख नगरें सिडनी, न्यू कैसिल, पोर्ट केम्बला, वेण्टवर्थ, गुलबेग, अलबरी, मेरलैण्ड,

सिडनी :- यह आस्ट्रेलिया का सबसे बड़ा बंदरगाह है। न्यू साउथ वेल्स की राजधानी तथा औद्योगिक केन्द्र है। यहाँ की जनसंख्या लगभग 37 लाख है।

न्यू कैसिल :- यह न्यू साउथ वेल्स का दूसरा प्रमुख नगर एवं पत्तन है। यहाँ अनेक औद्योगिक केन्द्र है।

इस तरह हम पाते है कि न्यू साउथ वेल्स कृषि की दृष्टि से उतना महत्वपूर्ण नहीं है फिर भी खनिज के मामले में सम्पन्न है इसलिए यहाँ औद्योगिक विकास काफी हद तक किया जा सकता है। अतः इसका भविष्य उज्जवल कहा जा सकता है।

The End